भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2604
गुरुवार, 16 मार्च, 2023/25 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवा

2604. श्री देवजी पटेल:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान सरकार ने उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) के नाम से आरम्भ की गई क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) के अंतर्गत मानपुर हवाई पट्टी से राजस्थान सहित देश में हवाई सेवा आरम्भ करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि मानपुर हवाई पट्टी से अहमदाबाद, जयपुर, दिल्ली, मुंबई, उदयपुर तथा सभी प्रमुख शहरों और महानगरों के लिए हवाई सेवा आरम्भ होती है तो क्या प्रजापति ब्रह्मकुमारी समाज ने राज्य सरकार को सभी 'उड़ान' हवाई सेवाओं में कम से कम 15 से 20 टिकटों की अग्रिम बुकिंग करने का आश्वासन दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवा आरम्भ करने में विलम्ब के क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में मंत्री श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया

(क) से (ङ): नागर विमानन मंत्रालय को राज्यों/संघ शासित प्रदेशों सहित विभिन्न स्थानों से, विमान संपर्क बढ़ाने हेतु अनुरोध/माँग प्राप्त हो रही हैं। एयरलाइनों का चयन, उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत एक पारदर्शी ई-बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। उड़ान एक बाजार चालित योजना है। इच्छुक एयरलाइनें, विशिष्ट मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, उड़ान के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं।

राजस्थान में मानपुर, आबू रोड हवाई पट्टी, उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना दस्तावेज़ में बोली हेतु, अपरिचालित हवाईअड्डों की सूची में उपलब्ध है। अभी तक किसी भी एयरलाइन बोलीदाता ने इस हवाईअड्डे से उड़ान योजना की उड़ानें प्रचालित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। यदि, कोई एयरलाइन मानपुर (आबू रोड) हवाई पट्टी को जोड़ने वाली वैध बोली प्रस्तुत करती है, तो उस पर उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा।

****